चाहता हूं कि क्या यह घग्घर नदी की बाढ़ का सवाल भी किन्हीं राज्य सरकारों से सम्बन्धित नहीं है ? इस बारे में मुझे अध्यक्ष महोदय से उत्तर मिलना चाहिए ।

**अध्यक्ष महोदय** : अब मेरी याददाश्त इतनी अच्छी तो नहीं है जितनी कि स्वामी जी की है । मैं सम्बन्धित फाइलें मंगवा कर इस चीज को देखूंगा ।

### Horticulture in Government Colonies

*211. **Shrimati Subhadra Joshi:**
**Shri Bhagwat Jha Azad:**
**Maharajkumar Vijaya Ananda**

Will the Minister of **Works and Housing** be pleased to state:

(a) whether Government are aware that there is a great deterioration in the standards of maintenance of horticultural features in the Government colonies of Delhi maintained by the Directorate of Horticulture;

(b) whether a large number of complaints have been received from the residents;

(c) whether most of them remain unattended; and

(d) the action being taken to improve the situation?

**The Minister of Works and Housing (Shri Mehr Chand Khanna): (a)** The standard of maintenance of horticultural features in Government colonies has not deteriorated. In fact, the work done in some areas has been commended by the Residents' Associations.

(b) Some complaints have been received from time to time but their number is not large.

(c) No. Complants are attended to promptly.

(d) Efforts toward further improvement are constantly being made. For example, supply of unfiltered water is being arranged for new colonies and efforts made to augment supplies during the summer season. Supervision of the work of *malis* of the Horticulture Directorate has been reviewed and improved. *Mallis* obtain the signatures from the representatives of the different Residents' Associations after doing their work. The staff of the Directorate have also invited the co-operation of the residents and extended to them assistance and advice, whenever needed.

**Shrimati Subhadra Joshi:** Is it a fact that the lawns provided for 'G' and 'F' type quarters are not provided with any *malis* while 'C' type quarters are provided with special *malis* to look after the lawns?

**Shri Mehr Chand Khanna:** I have not followed the question at all because there is so much noise in the House.

**Mr. Speaker:** I should not call it 'noise', but so many talks are going on on all sides that it is difficult to follow the proceedings. Will she kindly repeat her question?

**Shrimati Subhadra Joshi:** Is it a fact that there are no *malis* provided to look after the lawns for 'G' and 'F' types quartars while special *malis* are provided to look after the lawns for 'C' type quarters?

**Shri Mehr Chand Khanna:** This is a specific question relating to a specific area. If the hon. Member will either write to me or give notice of a question, I will cetainly look into it.

**श्री विभूति मिश्र** : नोर्थ एवैन्यू और साउथ एवैन्यू में जहां कि एम०पीज० फ्लैट्स बने हुए हैं और उन के आगे लांस हैं, क्या मंत्री महोदय ने उन का कभी इंस्पैक्शन किया है, यदि हां, तो उन लांस में कैसी व्यवस्था पाई है ?

**श्री मेहरचन्द खन्ना :** मौजूदा सवाल तो गवर्नमेंट सर्वेंट्स की कौलोनीज़ के हौर्टीकल्चर के बारे में है लेकिन अगर माननीय सदस्य मुझ नार्थ एवैन्यू और साउथ एवैन्यू में आने का निमंत्रण देंगे तो मैं बखशी देखने को आ जाऊंगा ।

**श्री हुक्म चन्द कछवाय :** मैं जानना चाहता हूं कि दिल्ली में कितने उद्यान हैं और कितने सरकार और बनाने वाली है और जितने उद्यान मौजूद हैं उन में अभी माली कहां, कहां नहीं हैं ?

**श्री मेहरचन्द खन्ना :** जहां तक अनफिल्टर्ड वाटर की सप्लाई का सवाल है, वह कम है और गरमियों में वह और भी अधिक कम हो जाया करता है। जिस लिहाज़ से दिल्ली लगातार बढ़ती चली जा रही है उस लिहाज से अनफिल्टर्ड वाटर की सप्लाई नहीं बढ़ पाई है। बहरहाल मैं इस बात के लिए कोशिश कर राह हूं कि अनफिल्टर्ड वाटर की सप्लाई की जो कमी है उसे पूरा किया जा सके ।

**Shri Vasudevan Nair:** May I know whether the Government is aware that the nursery at Sunder Nagar is running at a great loss?

**Shri Mehr Chand Khanna:** I am only talking of the colonies of Government servants. Sunder Nagar Nursery would be the concern of the NDMC or the DMC.

**श्री यशपाल सिंह :** क्या सरकार ने इस बात पर गौर किया है कि उस ने इस सदन में हजारों दफे विकेन्द्रीकरण का दावा किया है और हालत यह हो रही है कि सरकार के लगाये हुए बाग़ भी सूखते जा रहे हैं तो यह काम स्वयं वहां के सम्बन्धित नागरिकों पर क्यों न छोड़ दिया जाय जैसे कि सुन्दर नगर और नई दिल्ली के जो नागरिक हैं वह खुद ही अपने वहां के बागों का काम करें ?

**श्री मेहरचन्द खन्ना :** सरकारी कौलोनीज़ में जो एम० पीज० के फ्लैट्स हैं अगर उन की यह ख्वाहिश है कि वहां के रहने वाले स्वयं बाग का काम करें तो मुझे उसमें कोई इंकार नहीं है।

**Shri S. M. Banerjee:** I would like to know whether it is a fact that the present arrangements of horticulture in MPs' quarters in North and South Avenues . . .

**Mr. Speaker:** This question is regarding Government servants' colonies.

**Shri S. M. Banerjee:** This is about horticulture arrangements.

**Mr. Speaker:** Yes, but for Government servants' colonies.

**Shri S. M. Banerjee:** We are all public servants.

**Mr. Speaker:** Public servants, not Government servants.

**श्री ओंकार लाल बेरवा :** रामकृष्णपुरम् और दूसरी जगहों में, जहां सरकारी कर्मचारी रहते हैं, लान खाली पड़े हुए हैं और उन में दूब न होंने की वजह से धूल भरी रहती है। इसके अतिरिक्त बच्चों के खेलने के लिए जो झूले आदि थे, वे भी टूटे हुए पड़े हैं। क्या उन को ठीक रखने की जिम्मेदारी केन्द्रीय सरकार की नहीं है; यदि है, तो उन को दुरुस्त करने के लिए सरकार क्या कदम उठा रही है ?

**श्री मेहर चन्द खन्ना :** रामकृष्णपुरम् हमारी एक नई कालोनी है, जो कि बरस, दो बरस से हम बना रहे हैं। ज़रूरी बात है कि वहां पर कुछ त्रुटियां होंगी। मैं कोशिश करूंगा कि जितनी जल्दी हो सके, उन त्रुटियों को दूर कर दिया जाये।

**श्री ओंकार लाल बेरवा :** क्या लान्ज़ में दूब लगाने की कोई योजाना है ?

**अध्यक्ष महोदय :** वह कहते हैं कि वह जा कर देखेंगे।